# पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

दूरभाष : 0771–2262802 (अका.) 0771–2262540 (कुलसचिव) फैक्स –0771–2262811,2262607

क्रमांक– 6876/अका./शोध/2018 रायपुर, दिनांक 06. 08. 2018

## – अधिसूचना –

1. पी–एच.डी. प्रवेश परीक्षा 2018 हेतु दिनांक 25 अगस्त 2018 की तिथि निर्धारित की जाती है।
2. प्रवेश परीक्षा आवेदन फार्म आवेदक को दिनांक 06.08.2018 से 20.08.2018 तक संबंधित शोध केन्द्र में जमा करना होगा। शोध केन्द्रों की सूची तथा शोध निर्देशकों की सूची, रिक्तियों की जानकारी सहित वेबसाइट पर उपलब्ध है।
3. प्रवेश परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय के वेबसाइट (www.prsu.ac.in>Administration> Academic> Academic Notification>Ph.D.Entrance-2018) पर उपलब्ध है । आवेदक वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते हैं। फार्म के साथ आवेदन शुल्क के रूप में रू.500/– का बैंक ड्राफ्ट (कुलसचिव, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के नाम से देय) अथवा रू.500–00 विश्वविद्यालय कोष में जमा कर रसीद संलग्न करना अनिवार्य है।
4. अध्यादेश–45 के प्रावधान अनुसार प्रवेश परीक्षा से छूट की पात्रता रखने वाले आवेदकों को उपरोक्त निर्धारित समय पर ही Admission form/Registration form संबंधित शोध केन्द्र में ही जमा करना होगा। संबंधित DRC द्वारा ऐसे आवेदन पत्रों का यथासमय परीक्षण कर लिया जाये तथा अपात्र होने की स्थिति में प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु निर्देशित किया जाये। अध्यादेश–45 विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।
5. शोध केन्द्रों द्वारा आवेदन पत्र स्वीकार करते समय यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि आवेदक ने समस्त जानकारियों का उल्लेख आवेदन पत्र में किया है तथा समस्त आवश्यक दस्तावेज संलग्न किया है। पूर्ण पता पिन कोड सहित एवं मोबाईल नम्बर लिखा होना चाहिये।
6. महाविद्यालयीन शोध केन्द्र द्वारा प्रवेश परीक्षा आवेदन पत्र (**केवल परीक्षा फार्म;** एडमिशन फार्म/रजिस्ट्रेशन फार्म नहीं ) सूचीबद्ध कर संबंधित परीक्षा केन्द्र प्रभारी को दिनांक 21.08.2018 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।
7. प्रवेश परीक्षा से छूट की पात्रता रखने वाले आवेदकों के एडमिशन/पंजीयन फार्म के साथ संलग्न बैंक ड्राफ्ट विषयवार सूचीबद्ध कर दिनांक 28.08.2018 तक समस्त शोध केन्द्रों द्वारा विश्वविद्यालय कोष में जमा कराया जाना सुनिश्चित किया जाये तथा पावती रसीद संबंधित आवेदक के फार्म में संलग्न किया जाय। विषयवार सूची (सूची मात्र) अकादमिक विभाग को उपलब्ध कराया जाये।
8. प्रवेश परीक्षा हेतु प्रवेश–पत्र संबंधित परीक्षा केन्द्र द्वारा जारी किया जाएगा। विश्वविद्यालय अध्ययनशालाओं के अध्यक्ष परीक्षा केन्द्र प्रभारी होंगे।
9. प्रवेश परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्र केवल विश्वविद्यालय के अध्ययन शाला ही होंगे। विषयवार परीक्षा केन्द्र निम्नानुसार होंगे –

| क्रमांक | विषय | परीक्षा केन्द्र का नाम |
|---|---|---|
| 01 | हिन्दी/अंगरेजी/भाषा विज्ञान | साहित्य एवं भाषाएँ अध्ययनशाला |
| 02 | दर्शनशास्त्र/संस्कृत | दर्शनशास्त्र अध्ययनशाला |
| 03 | ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान | ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान अध्ययनशाला |
| 04 | अर्थशास्त्र/ राजनीति विज्ञान | अर्थशास्त्र अध्ययनशाला |
| 05 | समाजशास्त्र/समाज कार्य | समाजशास्त्र अध्ययनशाला |
| 06 | भूगोल | भूगोल अध्ययनशाला |
| 07 | इतिहास/रक्षा अध्ययन | इतिहास अध्ययनशाला |
| 08 | प्राचीन भारतीय इतिहास | प्राचीन भारतीय इतिहास अध्ययनशाला |
| 09 | मनोविज्ञान/ गृह विज्ञान | मनोविज्ञान अध्ययनशाला |
| 10 | भौतिकी | भौतिकी अध्ययनशाला |
| 11 | रसायन | रसायनशास्त्र अध्ययनशाला |
| 12 | भूविज्ञान | भूविज्ञान अध्ययनशाला |
| 13 | गणित | गणित अध्ययनशाला |
| 14 | सांख्यिकी | सांख्यिकी अध्ययनशाला |
| 15 | इलेक्ट्रानिक्स/कम्प्यूटर साईंस | इलेक्ट्रानिक्स अध्यन शाला |
| 16 | प्राणीशास्त्र/बायोसाईंस/ माईक्रोबायोलॉजी/बायोकेमेस्ट्री | जैविकी अध्ययनशाला |

NG 6/8/18

क्रमशः–2

| | | |
|---|---|---|
| 17 | बायोटेक्नालॉजी / वनस्पति शास्त्र | बायोटेक्नालॉजी अध्ययनशाला |
| 18 | मानव विज्ञान / क्षेत्रीय अध्ययन | मानव विज्ञान अध्ययनशाला |
| 19 | शारीरिक शिक्षा | शारीरिक शिक्षा अध्ययनशाला |
| 20 | फार्मेसी | फार्मेसी संस्थान |
| 21 | प्रबंध (मैनेजमेंट) / वाणिज्य | प्रबंध संस्थान |
| 22 | विधि | विधि अध्ययन शाला |
| 23 | शिक्षा | शिक्षा संस्थान |

10. आवेदक प्रवेश परीक्षा हेतु प्रवेश–पत्र संबंधित परीक्षा केन्द्र से संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं।

11. प्रवेश परीक्षा दो पाली में आयोजित की जायेगी।

| | | |
|---|---|---|
| प्रथम पाली | प्रातः 11.00 से 01.00 बजे तक | हिन्दी, अंगरेजी, भाषा विज्ञान, दर्शनशास्त्र, संस्कृत, ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, इतिहास, रक्षा अध्ययन, प्रा.भा. इतिहास, मनोविज्ञान, विधि |
| द्वितीय पाली | अपरान्ह 2.00 से 04.00 बजे तक | भौतिकी, रसायन, भूविज्ञान, गणित, सांख्यिकी, इलेक्ट्रानिक्स, भूगोल, वनस्पति शास्त्र, प्राणी शास्त्र, बायोसाइंस, माइक्रोबायोलॉजी, बायोकेमेस्ट्री, बायोटेक्नालॉजी, मानवविज्ञान, क्षेत्रीय अध्ययन, फार्मेसी, गृहविज्ञान, प्रबंध, वाणिज्य, शारीरिक–शिक्षा, शिक्षा, कम्प्यूटर साईंस |

**12. विभागीय शोध समिति, समस्त शोध निर्देशकों के अधीन शोधार्थियों के प्रवेश के समय छत्तीसगढ़ शासन के आरक्षण नियम का पालन सुनिश्चित करें।**

**13. शोध निर्देशकों के अधीन कुल शोधार्थियों की संख्या – सहा.प्राध्यापक–04, सह–प्राध्यापक–06, तथा प्राध्यापक–08 होगी।**

13. प्रवेश परीक्षा में योग्य घोषित होने पर शोध कार्य हेतु पंजीयन के लिये विश्वविद्यालय की बाध्यता नहीं होगी। यह शोध निर्देशक के अधीन सीट रिक्त होने तथा आवेदक द्वारा शोध निर्देशक की सहमति प्राप्त करने पर निर्भर होगा।

कुलसचिव

पृ.क्रमांक– 6877 / अका. / शोध / 2018 रायपुर, दिनांक 06 अगस्त, 2018

प्रतिलिपि –

1. अध्यक्ष, समस्त अध्ययनशाला (शोध केन्द्र), पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
2. प्राचार्य, समस्त महाविद्यालय एवं समस्त शोध केन्द्र को आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रेषित।
3. प्रभारी कम्प्यूटर साईंस अध्ययन शाला को इस निवेदन के साथ कि संदर्भित अधिसूचना विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर अपलोड करने की कृपया व्यवस्था करें।
4. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर।
5. संपादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र कृपया छात्रहित में समाचार के रूप में प्रकाशित करेंगे।
6. कुलपति के सचिव / कुलसचिव के निजी सहायक, पं. र. शु. वि. रायपुर को सूचनार्थ।

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी (अका.)

NC Goswami 6.8.18